प्रेषक, **महत्वपूर्ण**

अधिशासी निदेशक
राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद, उ0प्र0,
अलीगंज, लखनऊ।

सेवा मे,

1– समस्त संयुक्त निदेशक(प्रशि0 / शिक्षु0),उत्तर प्रदेश।
2– समस्त प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,उत्तर प्रदेश।
3– समस्त प्रबन्धक / प्रधानाचार्य, निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,उत्तर प्रदेश।

पत्रांक 47 / एस0सी0वी0टी0 / डी0जी0शक्ति पोर्टल / टैबलेट / स्मार्टफोन / 978 / 84 / आई0टी0
लखनऊ दिनांक 09 अप्रैल, 2025

**विषयः स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के संचालन के लिए उपयोग किये जा रहे डिजीशक्ति वेबपोर्टल में उपलब्ध छात्र–छात्राओं के डाटा को एडिट / अपडेट एवं नये छात्र / छात्राओं के डाटा को अपडेट करने की प्रकिया के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के संचालन के लिए उपयोग किये जा रहे डिजीशक्ति वेबपोर्टल मे उपलब्ध छात्र–छात्राओ के डाटा को एडिट / अपडेट एवं नये छात्र / छात्राओं के डाटा को अपडेट करने की प्रकिया के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना हेतु राजकीय / निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्रवेश सत्र–2024–25 एवं 2024–26 के प्रवेशित प्रशिक्षार्थियो का डाटा तथा प्रवेश सत्र–2023 के दो वर्षीय व्यवसाय के ऐसे प्रशिक्षार्थी जिन्हें Verify/Not Verify संस्थान अथवा नोडल संस्थान द्वारा तद्समय नही किया गया है, ऐसे समस्त प्रशिक्षार्थियों का डाटा संस्थान एवं नोडल प्रधानाचार्य, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के माध्यम से Verify/Not Verify किया जाना है, जिसमें निम्न प्रकिया अपनायी जानी है:–

1– राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद, उ0प्र0,लखनऊ के पोर्टल WWW.SCVT.UP.IN पर प्रवेश सत्र–2024–25 एवं 2024–26 के प्रवेशित प्रशिक्षार्थियों का डाटा तथा प्रवेश सत्र–2023 के दो वर्षीय व्यवसाय के ऐसे प्रशिक्षार्थी जिन्हें Verify/Not Verify संस्थान अथवा नोडल संस्थान द्वारा तद्समय नहीं किया गया है, ऐसे समस्त प्रशिक्षार्थियों का डाटा दृष्टव्य कराया जा रहा है, जिसे संस्थान द्वारा अपने SCVT Login से जाकर प्रशिक्षार्थियों के सामने यदि वे अध्ययनरत हैं तो Verify यदि इनका नाम कट गया है, या अध्ययनरत नहीं है, तो उन्हें Not Verify करते हुए संस्थान का पूरा डाटा save करके उसका प्रिन्ट निकालते हुए हस्ताक्षर मोहर सहित तीन प्रतियों में अपने जनपद के नोडल राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को उपलब्ध कराया जाना है।

2– राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद, उ0प्र0,लखनऊ के पोर्टल WWW.SCVT.UP.IN पर की गयी व्यवस्था के अनुसार Verify किये गये प्रत्येक संस्थानों का डाटा नोडल प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के लॉगिन पर दृष्टव्य होगा, जिसे संस्थान द्वारा दी गयी हार्ड कॉपी से मिलान करते हुए जनपद के नोडल प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान द्वारा सत्यापित किया जायेगा।

3– नोडल प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों द्वारा जनपद के स्वयं के संस्थान अन्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का उपरोक्तानुसार प्राप्त डाटा हस्ताक्षरित करते हुए मण्डलीय संयुक्त निदेशक (प्रशि0 / शिक्षु0) उत्तर प्रदेश को दो प्रतियों में उपलब्ध कराया जायेगा।

4– समस्त मण्डलीय संयुक्त निदेशक (प्रशि0 / शिक्षु0) उत्तर प्रदेश अपने मण्डल के समस्त जनपदो का उपरोक्तानुसार डाटा संकलित कर निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन,उ0प्र0,लखनऊ को उपलब्ध करायेंगे।

5– सम्बन्धित राजकीय / निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, नोडल राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, एवं मण्डलीय संयुक्त निदेशक (प्रशि0 / शिक्षु0) उत्तर प्रदेश अपने–अपने कार्यालयों में उपरोक्त की हार्ड कॉपी अग्रिम आदेशों तक सुरक्षित रखेंगे।

क्रमशः 2

6– उपरोक्त व्यवस्था में प्रशिक्षार्थी के Verify/Not Verify /Save किये जाने हेतु **दिनांकः 11.04.2025 से 22.04.2025 को रात्रि 12.00** बजे तक उपलब्ध करायी जा रही है।

7– नोडल संस्थान द्वारा राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के Verify/Not Verify किये गये प्रशिक्षार्थियो को Verify किये जाने की व्यवस्था एस0सी0वी0टी0 पोर्टल पर **दिनांक–11.04.2025 से दिनांक–26.04.2025 रात्रि 12.00 बजे** तक उपलब्ध करायी जा रही है।

8– यह व्यवस्था राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद, उ0प्र0, लखनऊ के पोर्टल WWW.SCVT.UP.IN पर उपलब्ध है, जिसपर निम्न कार्यवाही की जानी है:–

1 Open the website.http://www.scvtup.in.
2- Go to " ITI Login" section.
3- Enter your username and password.
4- Open the General Tab located at the left menu.
5- Click on the Link "VERIFY OR NOT-VERIFY THE TRAINEE FOR TABLET/ MOBILE DISTRIBUTION."
6- Page opens where the user has to select the session and Trade name for which they want to verify the date.
7- List of trainees is displayed.
8- User has to select the option verify or not-verify for each trainee which are displayed.
9- After selecting the option click on save button then confirmation message comes.
10- After confirmation date will be saved and message displayed "Record save successfully".
11- After submitting data User can take list of Verify or Not –verified trainee by clicking on Button"Print Verified Data".

अतः आप से अनुरोध है, कि उपरोक्तानुसार समयबद्ध रूप से अर्ह प्रशिक्षार्थियों को Verify/Not Verify/ Save किया जाना सुनिश्चित करें, जिससे कोई अर्ह प्रशिक्षार्थी उक्त लाभ प्राप्त करने से वंचित न रह जाये।

भवदीय,

Signed by
Abhishek Singh (अभिषेक सिंह)
अधिशासी निदेशक
Date: 07-04-2025 15:50:11

पत्रांकः 47 /एस0सी0वी0टी0/डी0जी0शक्ति/टैबलेट/स्मार्टफोन/शासनादेश तद्दिनांक।

प्रतिलिपि:–निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1– प्रमुख सचिव, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग,उ0प्र0 शासन एवं अध्यक्ष एस0सी0वी0टी0,उ0प्र0।
2– निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन,उ0प्र0, एवं सचिव, एस0सी0वी0टी0,उ0प्र0,लखनऊ।
3– प्रबन्ध निदेशक, यूपीडेस्को, गोमतीनगर,उ0प्र0, लखनऊ।
4– प्रबन्धक, (प्रणाली) यूपीडेस्को, गोमतीनगर, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को इस निर्देश के साथ प्रेषित की उपरोक्त व्यवस्था एस0सी0वी0टी0 पोर्टल पर स–समय अपडेट कराना सुनिश्चित करें।
5– प्रबन्धक, मेसर्स ओमनीनेट टेक्नॉ0लि0,(वेण्ड़र यूपीडेस्को) उत्तर प्रदेश,लखनऊ को अनुपालनार्थ।

(अभिषेक सिंह)
अधिशासी निदेशक

प्रधानाचार्य
राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान
गाजीपुर